सार-समाचार

अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन

पोकरण, 30 अगस्त(निसं)। सिद्धपीठ कदली वन हनुमान मंदिर में चल रहे राधाष्टमी पाटोत्सव के तहत शनिवार को चौथे दिन विविध धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। प्रात:काल से ही मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दलपत राम मेघवाल एवं भाजपा युवा नेता आईदान सिंह ने मंदिर पहुंचकर संकटमोचन हनुमानजी के दर्शन किए और महंत ओमजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। पाटोत्सव के आचार्य राधाकृष्ण व्यास के सानिध्य में अखंड हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। यजमानों ने हरे राम, हरे कृष्ण महामंत्र के साथ आहुतियां अर्पित कीं। मुख्य यजमान जुगल किशोर बिस्सा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने पुण्याहुति दी। पंडित गिरिराज पुरोहित ने आवाहित देवताओं का पूजन करवाया। पूरे परिसर में हरे राम हरे राम, हरे कृष्ण हरे कृष्ण की ध्वनि गूंजती रही। इसी क्रम में भक्तों द्वारा अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें ढोल-नगाडों की गूंज से वातावरण और अधिक भक्तिमय बना। श्रद्धालु जयकारों के साथ परिक्रमा कर रहे थे। कार्यक्रम में शक्ति, भक्ति और अध्यात्म का अदभुत संगम देखने को मिला। पोकरण व आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे हैं । रविवार को पाटोत्सव के समापन अवसर पर देवों के देव महादेव का रुद्राभिषेक, रुद्री पाठ, हनुमान भक्तों द्वारा सुंदरकांड पाठ, 1108 श्रद्धालुओं की सामूहिक पूर्णाहुति, महाआरती एवं प्रसादी वितरण होगा। इस अवसर पर महंत ओमजी महाराज एवं बाल संत वेदप्रकाश जी महाराज आशीर्वचन प्रदान करेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पोकरण शहर के नाथ जी का घुणा, मारूति नंदन हनुमान मंदिर सहित विभिन्न स्थानों से तथा ग्रामीण क्षेत्रों नाचना, लोहारी, रामदेवरा, फलसुंड, भणियाणा, सांकडा, चाचा, ओढाणियां, खेतोलाई, घवलियां, लाठी आदि गांवों से विशेष बस सेवाएं चलाई जा रही है पोकरण शहर कुंभारों की पोल, महादेव होटल के पास,जेम स्काउट स्कूल भवानीपुरा से बसो कि व्यवस्था रहेगी,वहीअजासर लोहारकी लवां धूडसर बारहट का गांव सांकडा भैंसडा लाठी धोलिया रातडिया ग्रामीण इलाकों से बसों का अवागमन होगा।

आनलाईन प्रवेश प्रक्रिया 8 तक

जालोर, 30 अगस्त(कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर में आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध/सेमेस्टर प्रथम) के लिए ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन किया गया है कार्यवाहक प्राचार्य विमल कुमार खत्री ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना भरने की अंतिम तिथ 8 सितम्बर, महाविद्यालय द्वारा आवेदन पत्रों के ऑनलाईन सत्यापन की अंतिम तिथि 11 सितम्बर अंतिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 12 सितम्बर अभ्यर्थियों द्वारा मूल प्रमाण पत्रों की जांच करवाने की अंतिम तिथि 17 सितम्बर, अभ्यर्थियों द्वारा ई-मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 17 सितम्बर, प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 19 सितम्बर एवं शिक्षण कार्य प्रारम्भ 20 सितम्बर को होगा।

बास्केट बॉल के मुकाबले

जालोर (कासं)। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में आयोजित हो रही तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को एथलेटिक्स एवं बास्केटबॉल के मुकाबले आयोजित हुए। बास्केटबॉल प्रशिक्षक इमरान खान ने बताया कि एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तहत 100 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 19 वर्ष बालक वर्ग में अशोक कुमार ने प्रथम, नारायण देवासी ने द्वितीय तथा कांतीलाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 19 वर्ष बालिका वर्ग में निष्ठा चौधरी प्रथम, डिम्पल द्वितीय एवं अंजली तृतीय स्थान पर रही। बास्केबॉल के ग्रुप मुकाबलों का आयोजन भी किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में विराट सोगरवाल व स्मार्थ सोगरवाल की जोडी ने प्रथम, अथिरा ओझा एवं पूरवी ने द्वितीय, जबकि गगन व आराध्या बिश्नोई ने तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायक की भूमिका एथलेटिक्स कोच जोग सिंह, मून सिंह एवं हिम्मतसिंह ने निभाई।

दियाकुमारी ने जैसलमेर व बाड़मेर की समीक्षा की

जैसलमेर/ उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के संकल्प के साथ आमजन के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे में यह आवश्यक है कि अधिकारी पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचे, यह सुनिश्चित करें । उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को जैसलमेर के कलेक्ट्रेट सभागार में जैसलमेर व बाड़मेर जिले के सार्वजनिक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने बजट घोषणाओं, एमओयू एवं विकास से जुड़ी विभागीय योजनाओं एवं प्रगति कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही या शिथिलता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नहर भूमि पर कब्जे का प्रयास नाकाम

जोधपुर, 30 अगस्त (कासं)। जिला प्रशासन ने अवैध कब्जों पर सख्त रुख अपनाते हुए झालामंड क्षेत्र की नहर भूमि पर भू-माफियाओं की नीयत पर सीधा प्रहार किया। प्रशासन की पैनी नजर और त्वरित एक्शन ने साफ कर दिया कि सरकारी भूमि पर कब्जे की हिमाकत करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। प्रकरण के अनुसार, पृथ्वीराज नगर व आदर्श नगर के बीच नहर की सरकारी भूमि पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खंडे व बजरी डालकर कब्जे की तैयारी की जा रही थी। कब्जे के दौरान विभाग का बोर्ड उखाड़ फेंका गया और साथ में पीएचईडी विभाग की भी संपत्ति को नुकसान पहुँचाया गया। इस पर सहायक अभियंता रामसिंह की रिपोर्ट पर कुड़ी थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया।

एसबीआ उपभोक्ता आयोग ने शिकायत खारिज की

जालोर, (कासं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जालोर के अध्यक्ष धनश्याम यादव व सदस्य निरंजन शर्मा ने एसबीआई पर धोखाधडी से राशि बैंक से निकलने के दो परिवाद खारिज किये । परिवादी टिकमाराम निवासी भोमडी, तहसील आहोर ने दायर उपभोक्ता में वाद दायर कर बताया कि उनके खाते से 1,20,000 की राशि धोखाधडी से बिना ओटीपी के निकाली गई, जबकि उन्होंने स्वयं केवल 2000 एटीएम से निकाले थे। टिकमाराम ने इस संबंध में बैंक और पुलिस प्रशासन से शिकायत की थी तथा उपभोक्ता आयोग में 1,20,000 की मूल राशि मय मानसिक प्रताडना व वाद व्यय दिलाने की मांग की थी। बचाव पक्ष (एसबीआई) ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि टिकमाराम ने स्वयं अपना एटीएम कार्ड और ओटीपी की जानकारी लीक की, जिसके बाद राशि ट्रांसफर हुई। बैंक की ओर से किसी प्रकार की सेवा में कमी या लापरवाही नहीं हुई। आयोग ने सुनवाई के बाद कहा कि टिकमाराम के आरोपों के समर्थन में पुलिस रिपोर्ट का अंतिम परिणाम या कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। साथ ही, बैंक द्वारा सेवा में कमी साबित नहीं हो सकी। इसलिए आयोग ने टिकमाराम की उपभोक्ता शिकायत को अस्वीकृत करते हुए मामला खारिज कर दिया।

वही एक अन्य बलवंत बनाम भारतीय स्टेट बैंक मामले में अहम फैसला सुनाया है। जिसमें बलवंत ने उपभोक्ता आयोग वाद दायर कर बताया कि उनके बचत खाते से बिना अनुमति 3,36,490 रुपये की निकासी हुई। यह लेनदेन एटीएम कार्ड के माध्यम से अन्य राज्य में किया गया, जबकि शिकायतकर्ता ने एटीएम कार्ड का उपयोग ही नहीं किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, बैंक द्वारा सुरक्षा में लापरवाही बरती गई और एटीएम धोखाधडी की सूचना देने के बावजूद तुरंत कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। बैंक की ओर से संतोषजनक जवाब या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए। मंच ने मामले की सुनवाई कर यह माना कि- उपरोक्त प्रकरण में मुख्य रुप से परिवादी का ही उपेक्षसज्ञापूर्ण व्यवहार रहा है तथा प्रार्थी बैंक द्वारा कोई भी सेवा दोष नही किया गया है। मंच ने निर्णय देते हुए प्रार्थी द्वारा बैंक के खिलाफ दायर याचिका अस्वीकार कर खारिज की ।

पारंपरिक खेल हमारी धरोहर

जोधपुर, 30 अगस्त (कासं)। रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर संस्कार द्वारा रेलवे स्टेडियम में आयोजित लंगड्डी एक्सप्रेस कार्यक्रम ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया। 600 से अधिक बच्चों ने एक साथ दौड़ लगाकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जोधपुर का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया। इस अनोखे आयोजन की सबसे बड़ी खासियत रही कि राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने खुद लंगड्डी टांग खेला और दौड़ लगाकर सबका उत्साह दोगुना कर दिया।

अपने संबोधन में दिया कुमारी ने कहा कि पारंपरिक खेल हमारी धरोहर हैं। जब हम इन्हें आगे बढ़ाएंगे, तब ये न केवल हमारी संस्कृति को जीवित रखेंगे बल्कि दुनिया में भी हमारी अलग पहचान बनाएंगे। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत की, जिसने बच्चों की छिपी प्रतिभा को उजागर करने का मंच दिया।

सार-समाचार

नकबजनों की गैंग का खुलास, तीन गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)।लोहावट थाना क्षेत्र के मोरिया गांव में गत 21 अगस्त की रात एक सोने-चांदी की दुकान में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन शातिर नकबजनों को गिरफ्तार किया है। फलोदी पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया कि विशनावास लोहावट निवासी रमेश सोनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाकर बताया था कि 21 अगस्त की रात्रि में मोरिया स्थित उसंकी सोने-चांदी की दुकान का अज्ञात चोरों ने ताला तोडकर सोने-चांदी के आभूषण व बर्तन व रुपए चोरी कर लिए थे। चोरी के मामले में सुई गांव थाना नलखेडा जिला आगर मालवा (मध्यप्रदेश) निवासी राहुल पुत्र बद्रीलाल बलाई, शिवपहाडी थाना कानड जिला आगर निवासी सूरज उर्फ सुरेश पुत्र मांगीलाल बागरी और नयापुरा नलखेडा थाना नलखेडा जिला आगर निवासी राजकुमार पुत्र मांगीलाल मेदाडा माली को गिरफ्तार किया गया है। रात को दुकान के पास सोकर तोडते थे ताला पुलिस के अनुसार आरोपी रामदेवरा मेले में भाग लेने के बहाने अपने वाहन से आए थे और मेले के दौरान मोरिया में रुके। रात्रि को भीडभाड का लाभ उठाकर उन्होंने सोने-चांदी की दुकान का ताला तोडा और उसमें रखे गहने, बर्तन व नकदी चोरी कर अपने वाहन से फरार हो गए। पुलिस जांच में सामने आया कि ये आरोपी रामदेवरा मेले में शामिल होने के बहाने क्षेत्र में प्रवेश करते हैं और दिनभर मेलार्थियों के साथ रहते हैं। रात को दुकानों के पास ही सो जाते हैं और फिर अंधेरे में दुकानों के ताले तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर तुरंत भाग जाते हैं। आरोपी राहुल के खिलाफ चोरी, नकबजनी और लूट के कुल सात प्रकरण दर्ज हैं। वहीं आरोपी राजकुमार के विरुद् लूट, डकैती की योजना, नकबजनी और आबकारी अधिनियम के तहत 5 प्रकरण दर्ज हैं।

जालोर राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में एन्युअल स्पोर्ट्स वीक का समापन

जालोर, (कासं)। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालोर की ओर से खेलकूद गतिविधियों को बढावा देने एवं प्रशिक्षणार्थियों में खेलकूद के प्रति जागरूकता के मध्येनजर आयोजित एन्युअल स्पोर्ट्स वीक का विधिवत भव्य समापन जालोर क्लब हॉल में किया गया। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालौर के प्राचार्य डॉ.पवन ओझा ने बताया कि 23 से 29 अगस्त तक महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को तीन हाउस मर्करी, जूपिटर व यूरेनस में बांटकर क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, रस्साकस्सी, कब्बड्डी, खो खो, सौ मीटर दौड,शतरंज आदि खेलकूद गतिविधियां एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग दो सौ छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जालोर क्लब हॉल में आयोजित समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय भाजपा नेता और भारतीय विमानपतन प्राधिकरण के विशेष आमंत्रित सदस्य रविन्द्रसिंह बालावत,विशिष्ट अतिथि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र से रंजू दीदी और नारायण भाई ,ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भजनलाल बिश्नोई ,प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश मीणा ,प्राचार्य डॉ.पवन ओझा ने शिरकत की। इससे पहले मंचासीन अतिथियों को तिलक लगाते हुए माला-साफा पहनाकर स्मृति चिह्न प्रदान कर हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम समापन समारोह में संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ पवन ओझा ने आये हुए सभी अतिथियों का अभिवादन व्यक्त करते हुए कहा कि 23 अगस्त से इस एन्युअल स्पोर्ट्स वीक 2025 का आयोजन हो रहा था। अनुशासन व अपने बेहतरीन खेल का परिचय प्रदर्शन देते हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाडियों ने एकाग्रचित होकर भाग लिया। आज विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जो खिलाडी प्रतियोगिता में जीते है उन्हें आगामी होने वाले राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर मिलेगा। लेकिन जो खिलाडी हारे है, उनको निराश होने की आवश्यकता नहीं है। अपने प्रयास में कोई कमी नहीं लाते हुए अभ्यास जारी रखें। उनको भी एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। शिक्षा के साथ खेलों का छात्र जीवन में बडा महत्व है। स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन मस्तिष्क बनता है, जो शिक्षा में सहायक होता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय भाजपा नेता और भारतीय विमानपतन प्राधिकरण के विशेष आमंत्रित सदस्य रविन्द्रसिंह बालावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में धैर्य और अनुशासन सफलता की कुंजी हैं और खेलों में भी ये गुण अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों के प्रोत्साहन के लिए समर्पित प्रयास कर रही है। खेल-इन्फ्रास्ट्रक्चर, विज्ञान, विश्लेषण, परामर्श और पोषण के समावेश से एक नई खेल नीति लाई जा रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आई प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र से रंजू दीदी और नारायण भाई ने बताया कि स्पोर्ट्स का हमारे जीवन में बहुत बडा महत्व है। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि यह सामाजिक विकास में भी सहायक हैं। स्वस्थ मानसिकता के आधार पर ही समग्र स्वास्थ्य संभव होता है। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश मीणा ने कहा कि इस खेल प्रतियोगिता को लेकर प्रशिक्षणार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। खेलों में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास बढता है, साथ ही टीम भावना और प्रतियोगिता की भावना का भी विकास होता है। उन्होंने प?ई के साथ खेलों में भी भविष्य बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब खेल कोटे से भी नौकरियां प्राप्त की जा सकती है। इस मौके पर उपस्थित ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भजनलाल बिश्नोई ने कहा कि जहां आजकल बच्चे मोबाइल में लगे रहते हैं, वहीं इस प्रकार के खेलकूद के आयोजनों से बच्चों का ध्यान मोबाइल से हटेगा और उनका शारीरिक विकास भी होगा।मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के समापन पर फाइनल विजेता क्रिकेट ,खो खो, शतरंज टीम जुपिटर, वॉलीबॉल,रस्सा कस्सी, बैडमिंटन फाइनल विजेता टीम यूरेनस, कब्बड्डी, टेबल टेनिस फाइनल विजेता टीम मर्करी सहित उपविजेता टीमों के खिलाडियों को पारितोषिक ट्रॉफी ओर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका हौसला बढाया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन में विशेष समर्पित रहे नर्सिंग महाविद्यालय के फैकल्टीज खेल समन्वयक यशवंत पुंशल,राकेश टाँक, मोहन सिंह गुर्जर,कमलेश कुमार, डिम्पल गर्ग,राधेश्याम,भूपेंद्र कुमार, दिलीप,विजयलक्ष्मी दवे,खेल प्रशिक्षक एवं निर्णायक की भूमिका में रहे हिम्मतसिंह, अर्जुनसिंह,रमेशदान, मेहबूब खान धनवंत गहलोत,राजेंद्र गुर्जर,मनीष ठाकुर को भी स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का मंच संचालन शिव कुमार दवे ने किया। राष्ट्रगान के साथ एन्युअल स्पोर्ट्स वीक 2025 का समापन घोषित किया गया।

धोरीमन्ना में दूसरे दिन भी धरना जारी

धोरीमन्ना । उपखंड क्षेत्र के डबोई ग्राम पंचायत के राजस्व गांव शिवजी का मंदिर खसरा संख्या 70 व 70/03, ग्राम पनल की बेरी के खसरा संख्या 260 व पांडव नगर के खसरा संख्या 315/26 में पैतृक परिवार के सदस्यों का गलत हिस्सा किया गया। प्रशासन की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उपखंड कार्यालय के आगे 90 वर्षीय अणसी देवी, ओमप्रकाश, गणेशमल, सोहनलाल समेत पीडति परिवार अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। धरने के दूसरे दिन शनिवार को पीडति परिवार ने बताया कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा तब तक उपखंड मुख्यालय के आगे अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

इस दौरान अणसीदेवी, ओमप्रकाश शर्मा, गणेशमल शर्मा, देराजराम आंवला, सोनाराम हरडू , जवाराराम जाट, रामाराम, मनोज जांदू, देवाराम गोदारा, रामाराम जाट, वनाराम ढाका, गोरधनराम जांदू, गंगादेवी, चन्द्रकला, मंजूदेवी मौजूद थे।

पक्षकारों का मोटिवेट किया जाए तो 90 फीसदी प्रकरणों में निपटारा संभव

जालोर (कासं)। मीडिएशन फोर नेशन अभियान को लेकर शनिवार को जिला अभिभाषक संघ की बैठक संघ के अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह राठौड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के नाते जिला एवं सेशन न्यायाधीश हारुन खान उपस्थित रहे।

बैठक में जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से मीडिएशन फोर नेशन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हम सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जालोर जिले में मीडिएशन को लेकर आशा के अनुरुप कार्य नहीं हुआ है। यहां इसकी प्रैक्टिस बहुत कम है। अदालत और अधिवक्ता दोनों ही पक्षकारों को मोटिवेट नहीं कर पा रहे हैं। वहीं दूसरी जगहों पर प्रशिक्षित मध्यस्थों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मीडिएशन का लॉर्जर आब्जेक्टिव है। एडीआर के सचिव अहसान अहमद ने कहा कि मीडिएशन के लिए बिना कंसेंट भी मामला भेजा जा सकता है। इतना ही

> ■ बैठक में जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से मीडिएशन फोर नेशन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें कार्य करने की आवश्यकता है।

नहीं पक्षकारों के जान बूझकर अनुपस्थित रहने पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने अधिनस्थ न्यायालयों में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियां नहीं होने की शिकायत की। जिससे अधिवक्ताओं को खडे रहना पडता है। बैठक का संचालन अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित ने किया।

इस दौरान पोक्सो कोर्ट के जज प्रमोद कुमार मलिक, सीजेएम प्रिया टावरी, एसीजेएम द्वितीय अंकित दवे, एसीजेएम प्रथम राजेंद्रसिंह, जेएम दिव्या गोदारा, अभिभाषंक संघ के सचिव प्रवीण कुमार भादरु, कोषाध्यक्ष पुखराज माली, पुस्तकालय अध्यक्ष गोपेश राठौड, अधिवक्ता शंभूदान आशिया, चुन्नीलाल राजपुरोहित, दिलीप शर्मा, विक्रमसिंह राठौड, मनोहरसिंह जोधा, अभिताभसिंह, गोकुलराम परिहार, ओमप्रकाश व्यास, श्रीगोपाल जोशी, नरपतसिंह देवडा, रामप्रकाश खाबाणी, जगदीश गोदारा, फारुख कुरैशी, रामसिंह चम्पावत, सुरेंद्र चौहान, प्रवीण कुमार चौहान, पदमसिंह, कमल राजा, नारायणसिंह, डिफेंस काउंसिल अजहर खोखर, खुशवंतसिंह राठौड, अधिवक्ता समीर खान खोखर, इसरार खान, रणजीत कुमार भट्ट, चिरंजीलाल गहलोत, पारसमल गार्गी, नरेंद्रसिह, बजरंग गर्ग, रणजीतसिंह, अनन्या खान, ज्योत्सना राजपुरोहित, नीतु राजपुरोहित, दशरथ कंवर, संतोष गुर्जर, वर्षा विश्नोई सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

धोरीमन्ना । उपखंड के नजदीकी ग्राम पंचायत मिठडा खुर्द में ओगाला जाने वाली सडक के किनारे एक सौर ऊर्जा कंपनी के साथ वनमित्र बन खेजडी,रोहिडा सहित अनेकों पेडो को मौत के काल कवलित में डाल दिया , पेडों को काट कर भूमिगत कर दिया। जिससे किसी को कोई भनक नहीं लगे । ग्रामीणो ने शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा।

ग्रामीणों ने बताया कि भंवरलाल भादू नाम से व्यक्ति ने सौर ऊर्जा कंपनी के साथ साङ्गगांङ्ग की है , एक बार भादू ने कंपनी का विरोध किया तो कंपनी ने भादू को ही ठेका दे दिया । उसके बाद षडयंत्र पूर्वक ग्रामीणों को विश्वास में लेकर अनेकों पेडो को भूमिगत कर दिया , ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन उपखंड स्तरीय टीम ने सर्वे कर जांच की इतिश्री कर दी । गत दिनों स्वतंत्रता दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा भादू को सम्मानित किया गया यह समान नहीं बल्कि पर्यावरण प्रेमियों का अपमान हुआ, यह सम्मान वापस लेने के लिए ग्रामीण विरोध पर उतर आए, ग्रामीणों ने बताया कि भंवरलाल भादू प्लाट के पास सरकारी मार्ग है उसको रोक कर लोगों को परेशान कर रहा है तथा बडे बडे पत्थर मार्ग पर डाल दिए है। ग्रामीणों ने भारी रोष है कि भंवरलाल भादू के खिलाफ सरकार कार्यवाही करे तथा जितने पेड काटे गए उसके चार गुना पेड वापस लगवाकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बने । ऐसे वनमित्र के खिलाफ उचित कार्रवाई करे, अन्यथा उपखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा, उसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी ।

स्किल्ड डवलपमेंट प्रोग्राम से युवाओं के लिए रोजगार

जालोर, (कासं)। राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल, कौशल, नियोजन, उद्यमिता एवं नीति निर्धारण विभाग राज्य मंत्री के.के.विश्नोई, सांसद लुम्बाराम चौधरी व जसराज राजपुरोहित ने शनिवार को भीनमाल पंचायत समिति की भालनी ग्राम पंचायत के नवनिर्मित भवन व अमृता देवी राजकीय पुस्तकालय का विधिवत् रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया। इसके साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भालनी में दो कक्षा-कक्ष मय हॉल का उद्घाटन व गौ माता चौक पर मूर्ति अनावरण भी किया गया।

समारोह में में मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार वर्ष 2047 तक विकसित भारत व विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्किल्ड डवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नव अवसर सृजित कर रही हैं। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के दौर में युवाओं को नवीनतम शिक्षा तकनीकों से अवगत करावें।

कलेक्टर ने किया निरीक्षण

रेवदर, (निसं)। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग आबुरोड के अधीन संचालित जनजाति बालिका कॉलेज छात्रावास आबूरोड, खेल बालिका सांतपुर,खेल बालक सांतपुर एवं आश्रम छात्रावास सांतपुर का शनिवार को जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने कॉलेज छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं से संवाद करते हुए लक्ष्य तय करने एवं उसके अनुरूप तैयारी करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने दोनों खेल अकादमी में खेल गतिविधियों का अवलोकन करते हुए खेल में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हुए जिले एवं राज्य का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। जिला कलेक्टर ने बालिकाओं के साथ वालीबॉल भी खेला। कलेक्टर को अपने बीच पाकर छात्राएं बेहद खुश व उत्साहित नजर आई।

युवती लापता

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में एक युवती के घर से लापता हो जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में लड़की के परिजनों ने प्रतापनगर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में परिजन ने बताया- युवती कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। जो अभी तक वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने की काफी जगह तलाश की।

लेकिन लड़की का अभी तक कहीं कोई सुराग नहीं लगा। फिलहाल परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लड़की की तलाश में जुट गई है। मामले की जांच हेड कॉन्स्टेबल सोहनलाल कर रहे हैं।

बैठक में चिकनगुनिया व वायरल फीवर की रोकथाम की समीक्षा की

रेवदर । जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार दिनांक 29.08.2925 दोपहर तीन बजे को आत्मा भवन में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराडी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. एस.पी. शर्मा, आरसीएचओ डॉ. रितेश संखला, डीटीओ डॉ विवेक जोशी, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ,अतिरिक जिला शिक्षा अधिकारी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम नरेश टेलर, जिला आशा समन्वयक चन्द्राराम लुहार, सभी बीसीएमओ और जिले के सभी चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और वायरल फीवर की रोकथाम व उपचार व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गांव-गांव और शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग, सफाई और एंटी लार्वल एक्टिविटी नियमित रूप से किया जाए

> ■ मौसमी बीमारियों से लेकर टीबी मुक्त भारत तक, सभी योजनाओं की प्रगति पर हुई समीक्षा

तथा अस्पतालों में जांच और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो। बैठक में माँ योजना की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने सभी बीसीएमओ को निर्देशित किया कि कोई भी परिवार इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित ना हो इसकी पालना सुनिश्चित की जाए । सभी एएनएम एवं आशाओ के माध्यम से हर घर ये सुविधा प्रदान की जाए जिससे किसी भी बीमार व्यक्ति को सरकारी एवं निजी पंजीकृत अस्पताल में निशुल्क सुविधा मिल सके । सीएमएचओ डॉ दिनेश खराडी ने सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सकों कों कडे शब्दों में निर्देश दिए कि ओपीडी एवं अस्पताल में बैठकर बाहर से दवाई या जांच लिखने की शिकायत नहीं आनी चाहिए , अगर ऐसी शिकायत मिलती है तो कठोर कार्यवाही की जाएगी । गर्भवती माताओ की प्रथम तीन माह में पंजीकरण एवं कम से कम चार एएनसी जांच , संस्थागत प्रसव करने पर विशेष जोड दिया गया ।जननी सुरक्षा योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर बैंक खाता खुलवाए जिससे प्रसव उपरांत तुरंत उसके खाते में राशि स्थान्तरित की जा सके साथ ही नवजात शिशुओं की नियमित देखभाल , टीकाकरण , छह माह तक सिर्फ माँ का दूध एवं उसके बाद पोषण आहार पर भी विशेष जोर दिया गया।

बैठक में लाडो प्रोत्साहन योजना और मां वाउचर योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के बैंक खाते गर्भावस्था में ही खुलवाए जिससे योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शिता के साथ मिल सके साथ ही माँ वाउचर योजना के अंतर्गत निजी पंजीकृत अस्पताल में सोनोठाफी निशुल्क करवाये जिससे गर्भस्थ शिशु की स